Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

Jamabandi Cancellation Revision Case No.- 29 /2026-27

Sri Dev Kumar Jha & Ors. ..... Petitioner.

Versus

The State of Bihar & Ors. ..... Opposite Parties.

Serial No.	Date of order of proceeding.	Order with signature of the court.	Office action taken with date
1	2	3	4
	15.10.2026	यह जमाबंदी रद्दीकरण पुनरीक्षण वाद न्यायालय समाहर्त्ता, अररिया के जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद संख्या–13/2022 में दिनांक–11.04.2025 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है। वाद पत्र तथा निम्न न्यायालय आदेश का अवलोकन किया। निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार "अपर समाहर्त्ता, अररिया द्वारा जमाबंदी रद्दीकरण वाद सं0–574/21 में दिनांक–10.03.2022 को आदेश पारित किया गया, जिसमें उल्लेख है कि उनका पारित आदेश दिवानी वाद सं0–330/15 के निर्णय से प्रभावित होगा। चूँकि उक्त दिवानी वाद में दिनांक–24.11.2018 को अंतिम आदेश पारित कर दिया गया, इसलिए समाहर्त्ता, अररिया द्वारा अपर समाहर्त्ता के पारित आदेश को दिवानी वाद में पारित आदेश के प्रतिकूल पाते हुए विपक्षी सं0–04 (सरोज झा) के पक्ष में आदेश पारित किया गया।" निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश में किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। साथ ही यह वाद विलंब के साथ दायर किया गया है तथा वाद पत्र/Limitation Petition में यथेष्ट कारण अंकित नहीं है। अतः इस वाद को In limine खारिज किया जाता है। लेखापित एवं संशोधित आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया। आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	

आयुक्त न्यायालय पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया